आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–23 फरवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में भारत टैक्सी के सारथियों से बातचीत की। आज जारी एक वीडियो में श्री शाह ने कहा कि भारत टैक्सी सहकारी समिति का उद्देश्य चालकों को उनके काम का स्वामित्व देकर उन्हें सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि इस पहल का लक्ष्य निजी टैक्सी सेवा कंपनियों से जुड़ी समस्याओं को कम करना और लाभ चालकों को दिलाना है, न कि सहकारी समिति को।

ये जो कन्सेप्ट है, वो ये है कि जो श्रम कर रहा है, जो मेहनत कर रहा है, उसी को मुनाफा मिले, किसी सेठ को न मिले। अब आप भारत टैक्सी का विचार क्यूं आया, ये जो आपने कहा ढेर सारी कम्प्लेंट्स आती थी, बीस प्रतिशत कट जाता था, कोई सर्टेनिटी नहीं थी, कोई सुरक्षा नहीं थी, जितनी भी कम्प्लेंट्स है वो, इसका निवारण क्या है, वो जो कंपनियां है, वो कंपनियां चलाने का उद्देश्य मालिक को धनी बनाना है, फर्क इतना है मालिक आप हो।

भारत टैक्सी की अनूठी 'सारथी दीदी पहल' का उल्लेख करते हुए श्री शाह ने कहा कि इस सुविधा के माध्यम से महिला यात्री अपनी यात्रा के लिए महिला चालकों का चयन कर सकती हैं। श्री शाह ने बताया कि भारत टैक्सी की सारथी महिलाओं को बीमा लाभ और आसान ऋण सुविधाएँ मिलेंगी। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में इस एप में महिला सुरक्षा के लिए विशेष उपाय शामिल किए जाएंगे।

आने वाले दिनों में सारथी दीदी का नाम से ऐप में प्रोविजन करेंगे, जो महिला अकेली यात्री होगी, वो स्वाभाविक रूप से दीदी को प्रायोरिटी देगी। इससे किसी का कोई भय का भी वीकनेस खत्म नहीं होगा चिंता मत करिए। सारथी दीदी सबसे ज्यादा क्लिक करेगा।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज से सिंगापुर और जापान के चार दिवसीय दौरे पर हैं। सिंगापुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने आज वैश्विक कंपनियों और नेताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठकें की। साथ ही उद्योग जगत के कई प्रतिनिधियों से मुलाकात भी की। इन बैठकों में उत्तर प्रदेश में डेटा सेन्टर, लॉजिस्टिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा, औद्योगिक पार्क, डिजिटल बैंकिंग और सतत शहरी विकास जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। श्री योगी ने प्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियों की जानकारी देते हुए वैश्विक निवशकों को उत्तर प्रदेश में साझेदारी के लिए आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री कल भी सिंगापुर में रहेंगे जबकि पचीस और छब्बीस फरवरी को जापान प्रवास के दौरान तैंतीस वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात भी करेंगे।

****

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि सरकार सोने की कीमतों पर कड़ी नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान सोने के मूल्य में आमतौर पर वृद्धि होती है और अभी तक यह निर्धारित सीमा पार नहीं कर सकी है। उन्होंने आज यह बात नई दिल्ली में भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल के साथ बजट संबंधी बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कही।

****

कुशीनगर में आज से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय थाई महोत्सव शुरू हो गया । इस दौरान बौद्ध भिक्षुओं द्वारा थाई बुद्ध मोनास्ट्री से महापरिनिर्वाण मंदिर तक भगवान बुद्ध की पवित्र धातु कलश शोभायात्रा निकाली गई। हमारे कुशीनगर प्रतिनिधि ने बताया कि शोभायात्रा में थाई कलाकारों का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा।

****

पड़ोसी देश नेपाल में आज सुबह एक बस दुर्घटना में सत्रह लोगों की मौत हो गई। ये बस पोखरा से काठमांडू जा रही थी और रास्ते में त्रिशूली नदी में गिर गई। एक रिपोर्ट–

बस में कुल 44 यात्री सवार थे। लगभग 26 घायलों को बचा लिया गया है। कुछ घायलों का इलाज स्थानीय अस्पतालों में जारी है जबकि अधिकांश को काठमांडू भेजा गया है। दुर्घटनास्थल स्थल पर बचाव अभियान पूरा कर लिया गया है। बस, रविवार शाम 7 बजे पोखरा से 34 यात्रियों को लेकर रवाना हुई थी और काठमांडू जाते समय धाडिंग में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। समाचार कक्ष से अरूण।

****

प्रदेश के रामपुर और सोनभद्र जिलों में आज हुई दो अलग अलग दुर्घटनाओं में तीन स्कूली बच्चों सहित छह लोगों की मृत्यु हो गई जबकि दो अन्य घायल हैं।

रामपुर में हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे चार छात्रों की बाइक आगे चल रही ट्रैक्टर–ट्रॉली से टकरा गई। जिससे मौके पर ही तीन विद्यार्थियों की मौत हो गई, जबकि एक छात्र गंभीर रूप से घायल है।

सोनभद्र के म्योरपुर क्षेत्र में सफेद मिट्टी निकालते समय सुरंगनुमा खुदाई के दौरान टीला ढह गया। मलबे में दबकर तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला घायल है।

****

मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज कहीं कहीं बूंदाबांदी की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक इस दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही अगले सात दिनों में प्रदेश के न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है।

****